# शहर के विकास को 334 करोड़ का बूस्ट

## नगरपालिका परिषद की बजट बैठक में शहर विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट को सर्वसम्मति से मिली सहमति



**सीहोर.** मंगलवार को नगरपालिका परिषद की बजट बैठक नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई.

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 31 मार्च. नगर पालिका परिषद की मंगलवार को हुई बजट बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 334 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक का महत्वाकांक्षी बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया. इस बजट को शहर के समग्र विकास का रोडमैप बताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने इसे भविष्य का विजन डॉक्यूमेंट करार दिया. बजट में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के साथ खेल, स्वच्छता, जल प्रबंधन और शहरी सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर दिया गया है.**

- नपाध्यक्ष ने बजट को बताया भविष्य का विजन डॉक्यूमेंट
- 19.27 करोड़ की लागत से शहर में बनेंगे पांच पुल

मंगलवार को नपा के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में बजट सभापति अजय पाल सिंह राजपूत द्वारा प्रस्तुत इस बजट में कुल आय 3 अरब 34 करोड़ 22 लाख रुपए और कुल व्यय 3 अरब, 34 करोड़ 21 लाख, 20 हजार रुपए अनुमानित है, जिसमें लगभग 80 हजार रुपए की बचत का प्रावधान रखा गया है. बैठक में उपाध्यक्ष विपिन सास्ता सहित पार्षद, अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने बजट का स्वागत करते हुए समर्थन दिया.

इस बजट की खास बात यह है कि इसमें शहर के हर वार्ड के संतुलित और समावेशी विकास को प्राथमिकता दी गई है. सड़क, नाली, जल प्रदाय और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर राशि निर्धारित की गई है. सीसी रोड, डब्ल्यूबीएम और पुलिया निर्माण के लिए 25 करोड़, नाला सुधार योजना के लिए 15 करोड़ और नई नालियों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है.

खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शहर में 5 करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा. इसके साथ ही जिम और स्वीमिंग पूल जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, जिससे युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें. स्वच्छता के क्षेत्र में भी नगर पालिका ने विशेष पहल की है. ट्रेंचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट के बायोरेमेडिएशन के लिए 4 करोड़ रुपए, सेनेटरी लैंडफिल के लिए 4.75 करोड़ और स्वच्छ भारत मिशन के लिए 1 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं. इसके अलावा शहर में ग्रीन स्पेस और स्मार्ट रोड उन्नयन के लिए 20 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे.

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि यह बजट शहरवासियों, जनप्रतिनिधियों और परिषद के सुझावों के आधार पर तैयार किया गया है. उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि सीहोर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा.

### संवरेंगे सीवन के तट, जलस्त्रोतों का होगा जीर्णोद्धार

बजट बैठक में पर्यावरण और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सीवन नदी के घाटों के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण, हाउसिंग बोर्ड, फूटा तालाब और अन्य जल स्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है. वहीं, अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत 38.70 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जिसमें जल प्रदाय योजना, सीवरेज सिस्टम और वाटर बॉडी विकास शामिल हैं.

### रोजगार के बढ़े अवसर, नई दुकानों का होगा निर्माण

व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 8 करोड़ रुपए की लागत से नए दुकान और कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी किया जाएगा. वहीं, नवीन कार्यालय भवन, गीता भवन और अन्य विकास कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपए का प्रावधान किया गया है. इसी तरह शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को नई पहचान देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली है. कोतवाली, इंग्लिशपुरा, मछलीपुल, जमशेद नगर और अमर टाकीज क्षेत्र में पुल निर्माण के लिए करीब 19.27 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे. वहीं, नवीन बस स्टैंड के निर्माण के लिए 5 करोड़ और आधुनिक ऑडिटोरियम हॉल के लिए 4 करोड़ रुपए निर्धारित किए गए हैं.

## आष्टा एवं भैरूंदा में 17 गैस सिलेंडर जब्त



**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है. भैरूंदा सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव द्वारा भैरूंदा स्थित दुकान प्रभात ऑटो पार्टस का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक द्वारा अवैध रूप से गैस सिलेंडर से गैस रिफिलिंग करते हुए पाई गई. इस पर विभागीय दल द्वारा अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने पर दुकान से 12 गैस सिलेंडर जब्त किए गए. इसी प्रकार आष्टा में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुश्री मृगी अग्रवाल द्वारा 08 होटल एवं रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया गया और गुलाब रेस्टोरेंट, बालाजी रेस्टोरेंट एवं सांवरिया रेस्टोरेंट पर घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर 5 गैस सिलेंडर जब्त करने की कार्रवाई की गई.

## एक नजर में



### भगवान महावीर सर्वसमाज के लिए पूज्यनीय : विधायक राय

**सीहोर.** भगवान महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष्य में मंगलवार को गल्लामंडी स्थित शांतिनाथ जैन मंदिर में श्वेताम्वर जैन समाज द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय सम्मिलित हुए. विधायक राय ने भगवान महावीर के समक्ष विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना कर समाजजनों के मध्य कहा कि भगवान महावीर केवल जैन समाज ही नही सर्वसमाज के लिए पूजनीय है. उन्होने कहा कि भगवान महावीर ने हमें अहिंसा परमोधर्म का संदेश दिया है जैन समाज आज भी अहिंसा के साथ प्रगति कर रहा है. विधायक राय ने भगवान महावीर जयंती चल समारोह में सम्मिलित होकर जैन समाजजनों को बधाई शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्वेताम्वर जैन समाजजन सम्मिलित रहे.



### जैन धर्म का प्रमुख सिद्धांत जियो और जीने दो अनुकरणीय

**आष्टा.** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव श्वेतांबर जैन समाज द्वारा मनाया गया. गंज मंदिर से मुनिश्री हर्षतिलक सूरीश्वर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में विशाल शोभायात्रा निकाली गई. कॉलोनी चौराहा पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा मुनिश्री हर्षतिलक सूरीश्वर जी महाराज की चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. शोभायात्रा में शामिल श्वेतांबर जैन समाज अध्यक्ष पवन सुराना, राकेश सुराना, विनीत सिंगी, डॉ. मीना सिंगी, चंद्रप्रकाश रांका, प्रभात धाड़ीवाल, नवनीत संचेती, राजा पारख, नगीन छाजेड़, प्रदीप धाड़ीवाल, एड. नगीनचंद्र जैन, सचिन कोठारी, गुलाबचंद सुराना, नितीन सुराना. का दुपट्टा डालकर स्वागत कियाइस अवसर पर पार्षद एरवि शर्मा, सर्वेश उपाध्याय, राजेश शर्मा, मनीष पालीवाल, पत्रकार दिनेश शर्मा, नवीन शर्मा, विनीत त्रिवेदी, नीलेश शर्मा, बसंत पाठक, कैलाश शर्मा, संजीव दीक्षित, सोनू शर्मा, जितेन्द्र बुदासा आदि मौजूद थे.



### अधिकारी कर रहे उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

**भैरूंदा.** जिले में ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से किसानों को उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है. वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और अनियमितताओं पर रोक लगाने के लिए कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारी उर्वरक विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं. तहसीलदार सौरभ शर्मा एवं कृषि एसडीओ बीएस राज ने रावल ट्रेडर्स उर्वरक विक्रय केंद्र का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने ई-विकास पोर्टल के माध्यम से की जा रही विक्रय प्रक्रिया की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि किसानों को पोर्टल पर सत्यापन के बाद ही उर्वरक वितरित किया जाए.



### जेल में किया गया 204 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**सीहोर.** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला जेल में बंदियों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया. जेल अधीक्षक सुश्री प्रतिभा पटेल ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा जेल के कुल 204 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यकतानुसार उपचार प्रदान किया गया.




### पत्रकार की बेटी को स्कूल से निकालने का आरोप, जांच शुरू

**बुधनी.** क्षेत्र के ग्राम बांसापुर स्थित एमएसजी हाईटेक गुरुकुल गर्ल्स स्कूल एक बार फिर विवादों में आ गया है. इस बार मामला एक पत्रकार की 6 वर्षीय बेटी को स्कूल से निकालने के आरोप से जुड़ा है. जानकारी के अनुसार, निजी न्यूज चैनल के संवाददाता महेंद्र चौहान की पुत्री वेदिका, जो केजी-2 की छात्रा है, को स्कूल में रखने से मना कर दिया गया. आरोप है कि 30 मार्च को जब चौहान अपनी बेटी का रिजल्ट लेने स्कूल पहुंचे, तो प्राचार्या अमनदीप कौर ने उनका मोबाइल फोन गेट पर ही रखवा लिया. जब उन्होंने इस भेदभाव को लेकर आपत्ति जताई, तो प्राचार्या ने कहा कि आप पत्रकार हैं, इसलिए हम आपकी बच्ची को नहीं पढ़ा सकते. हालांकि, लिखित में देने की मांग पर प्राचार्या ने इंकार कर दिया. महेंद्र चौहान ने बीईओ शशि सिंह और बीआरसी मणिशंकर शर्मा को लिखित शिकायत सौंपते हुए जिला प्रशासन को भी अवगत कराया है. गौरतलब है कि पूर्व में भी इसी स्कूल में एक दलित छात्रा को फीस के अभाव में परीक्षा से वंचित करने का मामला हो चुका है.

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में गूंजेगा संकीर्तन

**नवभारत न्यूज**

**भैरुंदा 31 मार्च.** नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में 02 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा. जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष तैयारियां अंतिम चरण में हैं.

नगर के प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में इस वर्ष भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है. जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है. पुजारी प्रकाश तिवारी ने बताया कि हनुमानर का आलौकिक और भव्य श्रृंगार किया जाएगा. इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है. आयोजन की शुरुआत शाम 5.30 बजे से होगी. जिसमें सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा. गायकों द्वारा प्रभु श्री राम और भक्त शिरोमणि के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी. मुख्य आकर्षण शाम 7.30 बजे होने वाली महाआरती होगी. इसके पश्चात भगवान को विशेष भोग लगाया जाएगा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा. ग्रामीण अंचलों में भी हनुमान जयंती को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है. अन्य प्रमुख हनुमान मंदिरों में भी सुबह से ही अभिषेक,सुंदरकांड पाठ और भंडारे के आयोजन सुनिश्चित किए गए हैं. मान्यता है कि खेड़ापति हनुमान मंदिर में दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इस विशेष दिन दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचते हैं.

## सरकारी हरियाली के दुश्मन बने घोड़े को पकड़ा


- टाउन हाल के सामने पार्क की हरियाली को कर रहा था नष्ट
- घोड़े के मालिक के खिलाफ नपा करेगी जुर्माने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 31 मार्च.** शहर की खूबसूरती पर 'घोड़े की नजर' आखिरकार भारी पड़ गई. बस स्टैंड के पास टाउनहॉल के सामने बने हरे-भरे उपवन को पिछले कई दिनों से नुकसान पहुंचा रहे एक 'आवारा स्टाइल' घोड़े को नगर पालिका ने रंगे हाथों पकड़ लिया.

मंगलवार को की गई इस कार्रवाई ने न सिर्फ घोड़े की आजादी पर ब्रेक लगाया, बल्कि उसके मालिक के लिए भी मुसीबत की घंटी बजा दी है. दरअसल, नपा ने शहरवासियों को सुकून भरा माहौल देने के लिए लाखों रुपए खर्च कर इस गार्डन को विकसित किया था. हरी-भरी घास और रंग-बिरंगे फूल इसकी पहचान बन चुके थे. लेकिन एक शख्स रोज अपने घोड़े को यहां खुला छोड़ देता था, जो आराम से 'हरी दावत' उड़ाते हुए पूरे गार्डन की सूरत बिगाड़ रहा था. ऊपर से गंदगी फैलाकर हालात और बदतर कर रहा था.

स्थानीय लोगों और राहगीरों ने जब इस 'घोड़ा आतंक' से परेशान होकर शिकायतें कीं, तो नपा हरकत में आई. मंगलवार को टीम ने पूरी तैयारी के साथ घेराबंदी की और मौके पर चर रहे घोड़े को



पकड़ लिया. नपा कर्मियों ने घोड़े को रस्सी से बांधकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया. अब अगला निशाना है घोड़े का मालिक. नगर पालिका अधिकारियों का कहना है कि उसकी पहचान की जा रही है और सामने आते ही उस पर भारी जुर्माना ठोका जाएगा. साथ ही साफ चेतावनी भी दी गई है— अगर किसी ने भी अपने मवेशियों को सार्वजनिक पार्क या हरियाली वाले क्षेत्रों के अलावा नगर में खुला छोड़ा, तो उनके खिलाफ सीधी कार्रवाई की जाएगी.

## संगठनात्मक तौर पर हिन्दुओं को होना होगा मजबूत

- धार्मिक संगठन के राष्ट्रीय नेता डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा
- नगर आगमन पर डॉ. तोगड़िया का कई जगह हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**बुधनी 31 मार्च.** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक डॉ. प्रवीण तोगड़िया के आगमन पर स्वागत किया गया. हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पमालाओं से उनका जोरदार अभिनंदन किया.



डॉ. तोगड़िया ने सक्रिय कार्यकर्ताओं के निवास पर पहुंचकर उनसे संवाद किया और संगठन की आगामी रणनीतियों पर चर्चा की. उन्होंने हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया. रात्रि विश्राम सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय के निवास पर किया।

प्रवास के दूसरे दिन उन्होंने संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नेताओं से औपचारिक मुलाकात की. इस दौरान अर्जुन मालवीय द्वारा शाल-श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया. मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि देशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत गांव, शहर एवं मोहल्लों में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ करने का आह्वान किया गया है. वर्तमान में यह अभियान हजारों स्थानों पर संचालित हो रहा है, जिसे लाखों तक पहुंचाने का लक्ष्य है. अभियान के दूसरे चरण में 50 से 100 परिवारों को जोड़कर गांव, शहर एवं कस्बों में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत किया जाएगा.उन्होंने सभी हिंदुओं से एकजुट रहने का आह्वान किया.

हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष सतीश गुप्ता, भाजपा नेता राजेश पाल, सतेन्द्र शर्मा, विशाल खत्री,पंकज जाट, सूरज सिंह सेंगर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे. इसके पश्चात वह नर्मदापुरम के लिए रवाना हो गए.

## बकाया वसूली को लेकर कलेक्टर हुए सख्त

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 31 मार्च.**कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई.

बैठक के दौरान कलेक्टरने मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को उपभोक्ताओं से बकाया राशि की वसूली को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को समय-समय पर बकाया राशि की सूचना दी जाए, ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में राजस्व संग्रह का अनावश्यक दबाव न बने और कुर्की जैसी स्थिति उत्पन्न न हो. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वसूली प्रक्रिया को व्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए तिमाही लक्ष्य निर्धारित किए जाएं. साथ ही तय लक्ष्यों के अनुसार नियमित रूप से वसूली की कार्रवाई की जाए. समय पर सूचना और सतत वसूली से न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि बकाया राशि वाले उपभोक्ताओं को भी अधिभार के भार से राहत मिलेगी और बकाया राशि आसानी जमा कर सकेंगे. कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए. लोगों को जल समस्या का सामना न करना पड़े, गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल स्त्रोतों का संरक्षण और वैकल्पिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया. आश्यकता पड़ने पर निजी बोरवेल अधिग्रहित किए जाएं.

## 7 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**सीहोर.** थाना मण्डी पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. आरोपी की पहचान संतोष कुशवाह (पिता शंकरलाल कुशवाह), निवासी संजय का बगीचा, मण्डी के रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा पूर्व में स्थायी वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सुनील मेहर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश शुरू की. सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया.

**धार्मिक** ▶ श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई महावीर जयंती, चल समारोह में गूंजे जयघोष

## महावीर स्वामी के मार्ग पर चलकर होगी शांति स्थापित : राय

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 31 मार्च.** मण्डी क्षेत्र स्थित श्री शांतिनाथ जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.

धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला. सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां विशेष पूजन-अर्चन और मनमोहक सजावट की गई थी.

महोत्सव का मुख्य आकर्षण सुबह 10 बजे निकाला गया चल समारोह रहा. भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा को आकर्षक पालकी में विराजित किया गया था. यह चल समारोह मण्डी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से भ्रमण करता हुआ पुनः मंदिर परिसर पहुंचा. समारोह के दौरान पूरा मार्ग त्रिशला नंदन वीर की, जय बोलो महावीर की के जयघोष से गुंजायमान हो उठा. पुरुष श्रद्धालु जयकारे लगा रहे थे, वहीं केसरिया और लाल परिधानों में सजी महिला श्रद्धालु भक्ति गीतों पर डांडिया नृत्य करते हुए चल रही थीं. खास बात यह है कि चल समारोह में केवल जैन समाज ही नहीं, बल्कि अन्य समाजों के श्रद्धालुजन भी शामिल हुए.

मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भगवान महावीर के जीवन चरित्र, उनके सिद्धांतों और जियो और जीने दो के संदेश पर सुंदर प्रस्तुति दी. इससे पूर्व सुबह मंदिर में विशेष अभिषेक और शांतिधारा की गई.कार्यक्रम के अंत में समाज के वरिष्ठ जनों ने सभी का आभार व्यक्त किया. आयोजन में बड़ी संख्या में श्वेताम्बर जैन समाज के पुरुष, महिलाएं और युवा शामिल हुए.

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार, अनिल पालीवाल, रमेश रात्रे एवं दिलीप राठौर उपस्थित रहे. विधायक सुदेश राय ने अपने संबोधन में भगवान महावीर के सिद्धांतों की प्रासंगिकता पर जोर दिया. उन्होंने



कहा कि महावीर स्वामी के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर ही समाज में शांति स्थापित की जा सकती है. उन्होंने जैन समाज को इस भव्य आयोजन की बधाई दी. नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जैन समाज की प्रशंसा करते हुए कहा जैन समाज भले ही संख्या बल में कम है, लेकिन देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी में इस समाज का योगदान सबसे आगे है. यह समाज अपनी मेहनत, ईमानदारी और दानशीलता के लिए जाना जाता है.